हरियाणा के सभी गाँवों की फिरनी पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे व लाइटें

चर्चा में क्यों?

18 दिसंबर, 2022 को हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने प्रदेश के फतेहाबाद ज़िले में जन-संवाद कार्यक्रम के तहत बताया कि प्रदेश के गाँवों की फिरनी पर लाइट व सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने बताया कि प्रदेश में गाँवों के विकास कार्यों में धनराशि की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इसके लिये प्रदेश सरकार की ज़ीरो टॉलरेंस नीति के तहत विकास कार्य ई-टेंडर के माध्यम से करवाए जाएंगे।
- उन्होंने बताया कि गाँवों में भले ही एक रुपए से लेकर 100 करोड़ रुपए तक के विकास कार्य ई-टेंडर के माध्यम से हों, लेकिन वे सभी सरपंचों की देखरेख में ही होंगे।
- उन्होंने बताया कि प्रदेश की पंचायतों में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं को दी गई है, जो कि महिला सशक्तीकरण का एक उदाहरण है। सरकार की दूरगामी सोच के तहत ही प्रदेश में पढ़ी-लिखी पंचायतें बनी हैं, जिसमें युवाओं की खासी भागीदारी सामने आई है।
- उन्होंने बताया कि सभी गाँवों की फिरनी पर लाइट व सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। प्रदेश भर की तीन लाख किलोमीटर फिरनी में से पहले चरण में एक लाख किलोमीटर फिरनी पर कार्य किया जाएगा।
- इसी प्रकार से प्रदेश सरकार ने गाँवों में जलभराव की समस्या से निपटान के लिये ग्रे वाटर मैनेजमेंट के तहत कार्य शुरू किया है, जिसमें जलभराव वाले चिह्नित किये गए 3500 गाँवों में से 1000 गाँवों में कार्य शुरू हो चुका है। जलभराव की समस्या से निजात पर सरकार द्वारा 18 हज़ार करोड़ रुपए खर्च किये जाएंगे।
- उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से यह भी आह्वान किया कि वे गांव के सामुदायिक केंद्र व स्कूल आदि सार्वजनिक संपत्तियों के रख-रखाव पर पूरा ध्यान दें। प्रदेश सरकार द्वारा पुरानी ईमारतों व भवनों का जीर्णोद्धार तथा नव-निर्माण किया जा रहा है। गाँवों में डिजिटल लाइब्रेरी खोली जा रही है, जहाँ पर गाँव के युवा यूपीएससी आदि प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cctv-cameras-and-lights-will-be-installed-on-the-phirni-of-all-the-villages-of-haryana